दिनांक 18 नवंबर 2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

छठ पर्व की तैयारियों का आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लिया जायजा , तालाबों में पहुंचकर देखी सफाई व्यवस्था

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत छठ पूजा पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी तालाबों में किया जाएगा। लेकिन इस बार कोरोना एवं एस.ओ.पी (मानक संचालन प्रक्रिया) के गाइडलाइन का पालन करना होगा! छठ पूजा की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज विभिन्न वार्डों में स्थित तालाब जहां छठ पर्व के लिए पूजा , अर्चना किया जाना है का निरीक्षण किया। श्री रघुवंशी ने आज निगम क्षेत्र के सेक्टर-07 कल्याण कालेज के सामने स्थित तालाब, सेक्टर-02 अयप्पा मंदिर स्थित तालाब, लक्ष्मण नगर तालाब, रामनगर मुक्तिधाम के सामने स्थित तालाब एवं दर्री तालाब का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रामनगर मुक्तिधाम स्थित तालाब में संपूर्ण परिसर की व्यापक सफाई कराने के निर्देश जोन आयुक्त पूजा पिल्ले को दिए! गौरतलब है कि तालाबों में छठ पूजा मनाए जाने को लेकर अनुमति प्राप्त होते ही निगम प्रशासन व्यापक स्तर पर तालाबों की सफाई करा रहा है। तालाबों में ब्लीचिंग, चुना एवं एलम का आवश्यकतानुसार उपयोग पानी की स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया जा रहा है! तालाब परिसर के साथ ही आसपास की नालियों की सफाई की जा रही है! आयुक्त महोदय ने निरीक्षण के दौरान तालाबों की साफ-सफाई , प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए कि जहां पर सफाई का पूर्ण हो चुका है वहां चुना से लाईनिंग कार्य करें तथा तालाब के नीचे उतरने के लिए बनाये गये सिढ़ियों की सफाई अच्छी तरह से करायें ताकि पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी